# जेल की गौशाला में जेल प्रहरी ने लगाई फांसी

## परिजनों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप, सुसाइट नोट बरामद

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 अप्रैल, केन्द्रीय जेल रीवा में पदस्थ जेल प्रहरी रामानंद पटेल ने गुरूवार को जेल के अंदर स्थित गौशाला में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और सुसाइट नोट भी बरामद किया है.**

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. सुसाइट नोट के आधार पर तथ्यों की जांच में पुलिस जुटी हुई है.

जानकारी के मुताबिक जेल प्रहरी रामानंद पटेल गुरूवार की सुबह 8 बजे घर से ड्यूटी के लिये निकले थे और दोपहर तक ड्यूटी की, इसके बाद वह जेल परिसर में बनी गौशाला पहुंचे. जहा फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली. इस घटना के बाद जेल प्रशासन में हडकम्प मच गया. सूचना मिलने पर बिछिया पुलिस पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतार कर मामले की जांच शुरू की. मृतक के पास से एक सुसाइट नोट मिला है, जिसकी जांच की जा रही है. मृतक के परिजनो ने प्रताड़ित किये जाने का आरोप लगाया है, जिसके चलते उन्होने आत्मघाती कदम उठाया है. साथ ही परिजनो का आरोप है कि सुसाइट नोट को छिपाने की कोशिश की गई है. परिजनो के मुताबिक मृतक काम के दबाव और मानसिक तनाव में थे. उधर जेल अधीक्षक एस.के उपाध्याय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है. सुसाइट नोट सहित सभी बिन्दुओं की जांच होगी, जो भी तथ्य सामने आएगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी.



### पुलिस ने माना आत्महत्या

सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि जेल प्रहरी ने आत्महत्या की है, सूचना मिलने पर बिछिया पुलिस पहुंची थी और पूरे मामले की जांच की जा रही है. सुसाइट नोट जो मिला है उसके तथ्यो की भी जांच की जाएगी और जो साक्ष्य सामने आएगे उसके आधार पर कार्यवाही होगी.

# रीवा के नए कलेक्टर होंगे नारेन्द्र कुमार, प्रतिभा गई सागर

## निगमायुक्त सोनवणे बने बैतूल कलेक्टर, मैहर की नई कलेक्टर होंगी बिदिशा मुखर्जी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 9 अप्रैल. देर रात प्रदेश में हुए प्रशासनिक फेरबदल का विन्ध्य में सबसे ज्यादा असर रीवा में पड़ा. रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल को सागर स्थानांरित किया गया है. नवगठित जिला मैहर में 2015 बैच की आईएस बिदिशा मुखर्जी को कलेक्टर बनाया गया है.**





जारी सूची में रीवा के नए कलेक्टर के रूप में बैतूल के वर्तमान कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी 2012 बैच के आईएस अधिकारी हैं. वे लंबे समय से पदस्थ रहीं रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल का स्थान लेंगे. श्रीमती पाल का तबादला सागर जिला कलेक्टर के रूप में किया गया है. सूची में रीवा नगर निगम आयुक्त डा. सौरभ संजय सोनवणे को कलेक्टर बैतूल बनाकर भेजा गया है. इसी प्रकार नवगठित जिला मैहर की पहली कलेक्टर रानी बाटड को सहकारिता विभाग में उपसचिव पदस्थ किया गया है जबकि मैहर कलेक्टर के रूप में उपसचिव पीएचई बिदिशा मुखर्जी को पदस्थ किया गया है.

# देवरा में हादसा, कन्वेयर बेल्ट का पट्टा टूटने से मजदूर की मौत

- सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 अप्रैल। जिले के बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरा ग्राम स्थित कन्वेयर बेल्ट साइडिंग में कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जिसमें एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।**





जानकारी के अनुसार देवरा के समीप टीएचडीसी कंपनी का कन्वेयर बेल्ट का कार्य चल रहा था कि मजदूर तभी अचानक कन्वेयर बेल्ट का पट्टा टूट गया। इस घटना के कारण श्रमिक संतुलन खोकर नीचे गिर पड़ा, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान लाल बहादुर पिता जयपथ उम्र 38 वर्ष निवासी बभनी जिला सोनभद्र उ.प्र. के रूप में हुई है, जो मैकमेट कंपनी के अंतर्गत कार्यरत था। यह हादसा न केवल स्थानीय स्तर पर शोक और आक्रोश का कारण बना है, बल्कि औद्योगिक काइयों में सुरक्षा मानकों को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। बताया जा रहा है कि यहां साइलो का निर्माण हो रहा है। जहां साइलो में सामग्री पहुंचाने के लिए कन्वेयर बेल्ट का इस्तेमाल होता है। कन्वेयर के निर्माण के दौरान ही यह हादसा घटित हुआ है।

यह कार्य मैकमेट कंपनी का बताया जा रहा। वहीं इसके निर्माण में लापरवाही की बात सामने आ रही। फिलहाल घटना की जानकारी मिलते ही निरीक्षक मो. समीर वारसी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, वहीं मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और घटना की जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध हालत में वृद्ध की मौत से शीतल खुर्द में सनसनी

## परिजन व पुलिस ने व्यक्त की हत्या की आशंका

**महाभारत न्यूज़**

**सिंगरौली 9 अप्रैल। माड़ा थाना क्षेत्र के शीतल खुर्द गांव में गुरुवार शाम एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में वृद्ध को जिला चिकित्सालय ट्रॉमा सेंटर बैढ़न लाया गया, जहां उपचार के दौरान रात करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई।**

मृतक की पहचान राधेश्याम पांडे (65 वर्ष), पिता बृहस्पति पांडे, निवासी शीतल खुर्द के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वृद्ध के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी ने मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसके बाद परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे।

घटना की सूचना मिलते ही माड़ा थाना प्रभारी टीआई शिव पूजन मिश्रा जिला चिकित्सालय बैढ़न पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले में परिवार के कुछ लोगों पर भी शक की सुई घूम रही है, हालांकि फिलहाल अधिकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे हैं।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई, 5 दुकानदारों पर समन शुल्क

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 9 अप्रैल. कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार शहर में अतिक्रमण हटाने हेतु संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया।**

इस अभियान के तहत डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी, अमन मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), थाना प्रभारी कोतवाली तथा थाना प्रभारी यातायात द्वारा बुधवार की शाम शहर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स?क पर अतिक्रमण करते पाए जाने पर 5 दुकानदारों के विरुद्ध नगरपालिका द्वारा समन शुल्क की कार्रवाई की गई। वहीं अन्य दुकानदारों एवं ठेला संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए सड़क पर ठेला न लगाने और दुकानों का सामान सड़क पर न रखने की समझाइश दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# सरपंच पति पर किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 9 अप्रैल. सरपंच पति द्वारा अपनी बाइक से 14 वर्षीय किशोरी को उसकी बहन के घर पहुंचाने की आड़ में रास्ते में जंगल के समीप उतारकर गलत नियत से छेड़खानी शुरू कर दी।**

गनीमत यह थी कि किशोरी की चीख पुकार सुनकर वहां से गुजर रही कुछ महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर फटकार लगाई। जिसके बाद आरोपी बाइक लेकर भाग खड़ा हुआ। पीड़ित किशोरी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध महिला पुलिस थाना में आपराधिक मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पीड़िता ने रिपोर्ट में कहा है कि वह चकडौर पुलिस चौकी अंतर्गत गांव की निवासी है। उसके घर आरोपी यज्ञनारायण तिवारी का आना-जाना था। जिसके चलते घर के सभी लोग उसे जानते थे। अभी 1 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 10 बजे आरोपी उसके घर आया और नानी से हाल-चाल पूंछने लगा और कहा कि वह व्यौहारी में घर बना रहा है। इस वजह से वहां जा रहा हूं। जिस पर किशोरी ने कहा कि चाचा आप उधर जा रहे हैं तो मेरी दीदी के घर मुझे गजरी गांव छोंड़ दें, आरोपी तैयार हो गया। दोपहर करीब 12 बजे गजरी गांव के जंगल व बंधा के समीप जब आरोपी की बाइक पहुंची तो उसके द्वारा रोंक दिया गया। किशोरी को बाइक से उतारकर गलत नियत से शरीर में स्पर्ष करने लगा। आरोपी का यह कृत्य देखकर किशोरी ने हल्ला गुहार मचाया। जिसके बाद वहां से महुआ लेकर गुजर रही दो महिलाएं पहुंची और उनके द्वारा डांट-फटकार लगाई गई। जिससे आरोपी भाग खड़ा हुआ। महिलाओं ने किशोरी को उसके बहन के घर ले जाकर पहुंचाया। पीड़िता की रिपोर्ट पर महिला थाना में आरोपी के विरुद्ध धारा 74, 75(2), 351(3) बीएनएस एवं 7/8 पाक्सो एक्ट व 3(1)(आर), (3) (1)(डब्ल्यू) (आई), 3(1) (डब्ल्यू) (आईआई), 3(2-व्हीए) एससी/एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# दिलीप कुमार सिंह बने पमरे के महाप्रबंधक

**नवभारत न्यूज**



**सतना, 9 अप्रैल. आखिरकार लंबे इंतज़ार के बाद पश्चिम मध्य रेलवे को नया नेतृत्व मिल ही गया है।**

रेलवे बोर्ड ने वरिष्ठ रेल अधिकारी दिलीप कुमार सिंह को पश्चिम मध्य रेलवे का नया महाप्रबंधक नियुक्त करने का आदेश जारी किया है। भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियर सेवा के अधिकारी दिलीप कुमार सिंह इससे पहले रेलवे बोर्ड में प्रधान कार्यकारी निदेशक, सतर्कता के पद पर कार्यरत थे। वे जल्द ही जबलपुर पहुंचकर अपना नया कार्यभार ग्रहण करेंगे।




# एक सप्ताह में सिरमौर टीएचपी नहर में मिली तीसरी लाश


## बीहर नदी में बहे युवक के रूप में हुई पहचान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 अप्रैल, रीवा जिले का सिरमौर थाना क्षेत्र में इन दिनो लगातार लाशें मिल रही है. यहां एक के बाद एक लाशों के मिलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है, लेकिन खास बात यह है की यहां पूर्व में मिली दो लाशों की अब तक पहचान नहीं की जा सकी है.**

आज मिली तीसरी लाश की पहचान एक दिन पूर्व बीहर नदी में बहे युवक के रूप मे की गई. बता दे की सिरमौर थाना क्षेत्र में अब तक तीन लाशे मिल चुकी है. पहले क्योटी जलप्रपात फिर विद्युत परियोजना के डैम में और आज तीसरी लाश भी सिरमौर में ही स्थित इंटेक गेट के पास नहर में देखी गई.

गुरूवार की सुबह सिरमौर स्थित इंटक गेट के पास नहर में अज्ञात व्यक्ति की लाश देखी गई थी. सूचना मिलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यु कर शव को बाहर निकाला गया. फिलहाल आज मिली तीसरी लाश की पहचान रीवा शहर के बोदाबाग स्थित आनंद नगर निवासी 32 वर्षीय ज्ञानेन्द्र शुक्ला के रूप में की गई है. बताया गया कि म्रतक युवक एक दिन पूर्व बीहर नदी स्थित किटवरिया घाट में पानी के तेज में बहाव में बह गया था, जिसकी तलाश में एसडीआरएफ की टीम द्वारा सर्च आपरेशन चलाया गया. इसी बीच आज दूसरे दिन युवक की लाश सिरमौर स्थित इंटक गेट के पास नहर में देखी गई है. फिलहाल सिरमौर पुलिस व स्थानीय लोगों ने शव को नहर से बाहर निकाल लिया है और पहचान होने के उपरांत पीएम के बाद परिजनो को सौप दिया.




# सिंगरौली में कोयला चोरी का प्रयास नाकाम

## अंधेरे में खदानों को बनाया जा रहा निशाना

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 9 अप्रैल। जिले के मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनसीएल की झिंगुरदह परियोजना के पास कोयला चोरी का मामला सामने आया है। एनसीएल में लगी सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता से चोरी का प्रयास विफल हो गया और पुलिस ने एक पिकअप वाहन जप्त किया है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी एनसीएल के सुरक्षा निरीक्षक सुनील सिंह ने थाना मोरवा में इसकी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बीती रात करीब 11 बजे नाइट पेट्रोलिंग के दौरान एक पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 4534 झिंगुरदह परियोजना के कुआं बस्ती के पास खड़ा मिला। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ अज्ञात व्यक्ति वाहन में कोयला लोड कर रहे थे। पेट्रोलिंग टीम को देखते ही आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकले। मौके पर पहुंचे सुरक्षा कर्मियों ने आरोपियों की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला।

घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद मोरवा पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप वाहन को जप्त कर थाना मोरवा ले गई। वाहन में करीब 2 टन कोयला लोड था, जिसकी कीमत लगभग 6 हजार रुपये आंकी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कपूर त्रिपाठी द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303(2) और 317(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि क्षेत्र में रात के अंधेरे में खदानों में सेंध लगाकर कोयला चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। मोरवा पुलिस ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए लगातार कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आइस्क्रीम का ठेला पलटने से मौत

**रीवा, 9 अप्रैल,** रीवा जिले के सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंजोरा के समीप आज एक दर्दनाक हादसा हो गया. इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल में रखा दिया है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गांव गांव आइस्क्रीम बेचकर परिवार भरण पोषण करने वाला रामबदन मांझी उम्र 45 साल रोजाना की तरह सुबह घर से ठेला लेकर आइसक्रीम बेचने निकला था. इसी दौरान जैसे ही वह ग्राम अंजोरा के समय पहुंचा तभी अचानक उसका ठेला पलट गया और वह ठेले के नीचे दब गया. स्थानीय लोग जब तक रामबदन माझी को ठेले के नीचे से बाहर निकलते तब तक उसने दम तोड़ दिया था जिसके बाद घटना की सूचना परिजनों सहित पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मृतक के सब को पीएम के लिए अस्पताल में रख दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है.

# पांचवी पास आरोपी मोबाइल चोरी करने के बाद कर देते थे खाता खाली

## झारखंड के आरोपी रीवा और सतना में देते थे घटना को अंजाम, चार मोबाइल बरामद

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 अप्रैल, झारखंड से रीवा और सतना का सफर करने वाले पांचवी पास आरोपी केवल मोबाइल चोरी करने के लिए लंबा सफर तय करते थे और मोबाइल मिलने के बाद खाता खाली कर देते थे. कई शिकायत होने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने निगरानी की और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.**

मोबाइल चोरी की घटना के बाद खाते से पैसा निकालने की शिकायत लोगों के द्वारा सिटी कोतवाली थाने में की गई थी, पुलिस को समझते देर नहीं लगी कि यह मामला मोबाइल चोरी का नहीं है. आरोपी अक्सर सब्जी मंडी और भीड़भाड़ वाले इलाकों में घटना को अंजाम देते थे पुलिस ने निगरानी बढ़ाई जिसके बाद दो संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया. पकड़े गए आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं जो चोरी के मिले. इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निशा मिश्रा ने बताया कि आरोपी राजा कुमार महतो पिता इन्द्र प्रसाद लोनिया 22 वर्ष और शेखर यादव हरिशंकर यादव दोनो निवासी साहिबगंज झारखंड के हैं और मोबाइल चोरी करके पैसा निकालने का हुनर बखूबी जानते हैं. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पांचवी पास है और झारखंड से रीवा सतना सहित आसपास के इलाकों में मोबाइल चोरी का काम करते थे. मोबाइल मिलते ही वह उसमें संबंधित व्यक्ति की गूगल आईडी, की जानकारी लेने के बाद पेटीएम, गूगल पे या किसी भी मनी ट्रांसफर ऐप का पासवर्ड फॉरगेट पासवर्ड के माध्यम से निकाल लेते हैं और खाता खाली करने के बाद चलती ट्रेन से ही मोबाइल को फेंक देते थे. पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने कई अन्य मामलों के संबंध में भी जानकारी एकत्रित की है जिस पर आगे कार्यवाही जारी है फिलहाल आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99